दैनिक
न्याय साक्षी

महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रेक्टर पल्टी, मदद के लिये पहुंची 112 राइनो वाहन

रायगढ़। 26 दिसम्बर को 20.26 बजे डॉयल 112 लैलूंगा राइनो को ग्राम बसंतपुर के पास ट्रेक्टर पल्टी होने से एक व्यक्ति के घायल होने का इवेंट मिला। इवेंट पर लैलूंगा राइनो घटनास्थल बसंतपुर पहुंचा, जहां ट्रेक्टर का चालक रक्सखोल नगर से जोताई कर ग्राम धौराडांड वापस आ रहा था कि बसंतपुर के पास ट्रेक्टर का चालक ट्रेक्टर को पल्टी कर दिया जिससे ट्रेक्टर में सवार 3-4 व्यक्तियों में से सुकमा डुमडुम पिता जगन डुमडुम निवासी धौराडांड को चोटे आयी थी। मौके पर पहुंचे लैलूंगा राइनो ERV स्टाफ आरक्षक जक्सन बघेल ने आहत सुकमा डुमडुम को वाहन में बिठाकर लैलूंगा अस्पताल पहुंचाया।

नाबालिग से दुष्कर्म मामला दर्ज

रायगढ़। छाल थाना क्षेत्र 16 वर्षीय नाबालिग बालिका से गैरेज संचालक द्वारा दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया हैं खुद के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को परिजनों को बताने के बाद छाल थाना में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। छाल निवासी अफजल अंसारी मोटरसाइकिल मिस्त्री का कार्य करता है। जो पीड़ित बालिका के घर का मोटरसाइकिल रिपेयरिंग किया था जिसका कुछ रकम बकाया होने पर आए दिन बालिका के घर आना जाना करता था इस बीच परिजनों से उसकी नजदीकी बढ़ गई तत्पश्चात आरोपी ने बालिका को झांसे में लेते हुए घुमाने के नाम ले गया। वही सुने पन का फायदा उठाते हुए जंगल मे ले गया जहां बालिका के साथ शारिरिक सम्बंध बनाया। वही बालिका के दो घण्टे घर से गायब रहने पर परिजनों ने पूछताछ किये जिस पर घटना की आपबीती बालिका में बताइ।जिसके बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है वही आरोपी फरार हैं।

चोरी हुई सौर प्लेट लाईट संदेही बालक से बरामद

रायगढ़। थाना तमनार अन्तर्गत ग्राम तिलाईपाली में हझक्ष तिलाईपाली के द्वारा गांव के मोहल्ले में सौर उर्जा सूर्य प्लेट पोल खंभा में लगाया गया था जिसके एक पोल खंभा के सूर्य प्लेट को दिनांक 15.12.18 के दरम्यानी रात किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने संबंधी आवेदन पत्र रिपोर्टकर्ता परमेश्वर पिता पिछालू गुप्ता उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम तिलाईपाली द्वारा 26 दिसम्बर को दिया गया, रिपोर्टकर्ता ने गांव के ही बालक पर सौर प्लेट लाईट चोरी करने का संदेह जाहिर किया था, रिपोर्टकर्ता के आवेदन पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 301/18 धारा 379 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान संदेही बालक से पूछताछ किया गया, जिसने गांव के पोल खंभा से सौर उर्जा सूर्य प्लेट चोरी करना स्वीकार किया, जिसके मेमोरेण्डम पर सौर उर्जा सूर्य प्लेट (कीमती 18,000 रूपये) बरामद किया गया। अपचारी बालक को 27 दिसम्बर को किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ के न्यायालय भेजा गया है ।

जुआ एक्ट, की गई कार्यवाही

रायगढ़। थाना चक्रधरनगर में पदस्थ सउनि राजेश मिश्रा द्वारा 26 दिसम्बर की रात्रि करीब 22.30 बजे हमराह स्टाफ आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं आरक्षक भूपेन्द्र ठाकुर के साथ मुखबिर सूचना पर प्रेम नगर रेल्वे ट्रेक के पास 52 पत्ती तास से जुआ खेल रहे 1. देव शंकर साहू पिता रामलाल साहू उम्र 24 वर्ष निवासी बडे रामपुर 2. टेकसिंह पिता भूपेन्द्र सिंह 3. मोहन लाल देवांगन पिता मनोहर लाल देवांगन 4. सज्जन भट्ट पिता पुनीराम भट्ट उम्र 25 वर्ष निवासी टी.वी टावर रोड दिनदयाल कालोनी अतरमुड़ा को पकड़े।

झूठी शिकायत पर नकेल कसेगी रेलवे

रायगढ़। रेलवे द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबरों पर झूठी करने शिकायत करने वालों पर रेलवे की नजर रहेगी। इतना ही नहीं शिकायतों को नजर अंदाज करने के साथ बेवजह देरी करने वाले रेलकर्मियों को भी भारी महंगा पड़ेगा। रेलवे ने नई व्यवस्था शुरू करने की दिशा में प्लानिंग तैयार कर रही है। रेल यात्रियों की शिकायतों को रजिस्टर के बजाए ऑनलाइन किया जाएगा जिससे उस पर फौरन एक्शन लिया जा सके। रिकार्ड और रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन होने पर झूठी शिकायतें नहीं होगी।

ऑनलाइन व्यवस्था की निगरानी मंडल स्तर से अधिकारी करेंगे। इसके लिए आरपीएफ कंट्रोल रूम में डायवर्ट मशीन लगाने की तैयारी चल रही है। इस मशीन से आरपीएफ हेल्प लाइन पर की जाने वाली शिकायतें, रिकार्ड और पंजीकरण ऑनलाइन हो जाएगा। पंजीकरण के बाद जारी होने वाले टिकट नंबर को यात्री व संबंधित स्टेशन के आरपीएफ को भेजा जाएगा। फिर यात्री को दी जाने वाली मदद को आरपीएफ ऑनलाइन अपडेट करेगा। ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के लिए आरपीएफ ने 182, जीआरपी ने 1512 और रेलवे ने 139 हेल्प लाइन नंबर जारी किया है। सुरक्षा से लेकर खानपान से संबंधित मामलों की शिकायतें इन नंबरों पर यात्री करते हैं। शिकायतों की एंट्री आरपीएफ कंट्रोल रूम में रजिस्टर पर होती है। शिकायतों के आधार पर आरपीएफ ट्रेन की जांच करता है कई दफा झूठी भी निकल जाती है इसलिए पारदर्शिता लाने के लिए बिलासपुर जोन के सभी स्टेशनों में ऑटोमेटिक कॉल डायवर्ट मशीन लगाने की तैयारी की जा रही है।

कॉल हो जाएगा रिकार्ड

सिस्टम को रेलवे सूचना प्रणाली से सेंटर से जुड़ा रहेगा। यात्री जो भी शिकायत दर्ज कराएगा उसकी सारी बातें ऑटोमेटिक कॉल रिकार्ड में दर्ज हो जाएगा। उसके बाद शिकायत को कंट्रोल सेंटर में तैनात कर्मचारी फौरन ऑनलाइन दर्ज करेगा। शिकायत दर्ज होने पर टिकट नंबर जनरेट होगा, जो यात्री और संबंधित स्टेशन के आरपीएफ तक पहुंचेगा। टिकट नंबर के आधार पर यात्री को मदद मिलेगी।

सीएम ने मंगाई नान घोटाले की फाइल

मुख्य सचिव को पूरे मामले के नए सिरे से परीक्षण के निर्देश

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नान घोटाले की फाइल खोल दी है। उन्होंने नान घोटाले में नाम आने के बाद निलंबित आईएएस अनिल टुटेजा के अभ्यावेदन के आधार पर मुख्य सचिव को पूरे मामले के नए सिरे से परीक्षण के निर्देश दे दिए हैं। खाद्य विभाग से रिपोर्ट मांगी गई है। गुरुवार को उन्होंने मीडिया से कहा कि रिपोर्ट के आधार पर जांच करवायी जाएगी। उन्होंने ये भी कहा कि ईओडब्लू के पूर्व चीफ ने कहा था कि पैसा वहां भी जा रहा है, जहां वे छापा नहीं मार सकते। इसलिए जांच जरूरी है। नान में हुए घोटाले में चालान पेश करने के बाद कुछ दिन पहले जांच एजेंसियों ने पूरक चालान भी पेश कर दिया है। फिर भी, राज्य सरकार का मानना है कि कई और तथ्य हैं जिनकी जांच नहीं हुई। इस बीच, कांग्रेस सरकार बनने के बाद आईएएस अनिल टुटेजा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की थी। फरवरी 2015 में मामले के खुलासे के बाद पिछले तीन साल से एसीबी जांच कर रही है। इस मामले में कुल 27 अभियुक्तों में से 17 गिरफ्तार किए गए थे।। इनमें नान चेयरमेन रहे डॉ. आलोक शुक्ला और प्रबंध निदेशक अनिल टुटेजा के खिलाफ बीते 5 दिसबंर 2018 को ईओडबल्यू ने कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। निचली कोर्ट ने दोनों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

विपक्ष में रहने के दौरान कांग्रेस नान घोटाले का मुद्दा लगातार उठाती रही है। कांग्रेस अपने आरोप में यह कहती रही है कि घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह और उनके परिजनों पर भी गड़बड़ी के आरोप हैं। इतना ही नहीं 17 नवंबर को चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोरिया में आरोप लगाया था कि रमन सरकार के कार्यकाल में पीडीएस में 36 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है। इस घोटाले में एक डायरी भी मिली है,जिसमें कुछ पूर्व मंत्रियों के परिजनों के भी नाम है।

सूने मकान में चोरों का धावा

रायगढ़। शासकीय हाई स्कूल तमनार में भृत्य के पद पर कार्यरत सूर्य प्रकाश सोनी पिता पंकज राम सोनी उम्र 39 वर्ष, हाई स्कूल मैदान परिसर में बने मकान में परिवार सहित निवासरत है। 21 दिसम्बर दिन के करीब 1 बजे सूर्य प्रकाश सोनी अपने परिवार सहित ससुराल ग्राम ढोढी बहार जशपुर गया था और 22 दिसम्बर की सुबह 9 बजे घर आया तो देखा कमरे का ताला टुटा हुआ था और कमरा में रखे LCD टी.वी. एवं सोने का कान का टॉप (जुमला कीमती 14 हजार रूपये) को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था, चोरी के संबंध में सूर्य प्रकाश सोनी द्वारा लिखित आवेदन पत्र दिनांक 26.12.18 को थाना तमनार में दिया गया, आवेदन पत्र पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 300/18 धारा 457, 380 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

फसल अवशेष नहीं जलाने पर कृषि विभाग देगी एक हजार रुपये प्रति एकड़ आर्थिक सहायता

रायगढ़। किसानों के धान की फसलों की कटाई हो चुकी हैं। रवि फसल की तैयारी शुरू हो गई है। किसान अपने खेत तैयार करने फसल अवशेष को जलाने में लग गए हैं। कई गांवों में फसल अवशेषों को जलाने का कार्य चल रहा है। अवशेषों को जलाने से वायु प्रदूषण हो रही है, ऐसे में माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा इन्हें जलाने से रोकने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार की बात कही है। उप संचालक कृषि रायगढ़ एलएम भगत ने बताया कि किसानों को चाहिए कि फसलों के अवशेषों को न जलाये उसे जुताई कर मिट्टी में मिलाएं इसके लिए लग रही ट्राइकोडर्मा व कम्पोस्ट विभाग द्वारा दी जाएगी ।

मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना अंतर्गत 31 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ से ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने वाले इच्छुक आवेदकों से 31 दिसम्बर 2018 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त योजनान्तर्गत आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, निश्शक्तजन, नक्सल प्रभावित एवं सेवानिवृत्त सैनिको को आयु सीमा में 5 वर्ष छूट की पात्रता होगी। आवेदक को निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों के साथ नियत तिथि तक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में दो प्रतियों में जमा करना होगा।

अनियंत्रित बाईक, खेत में जा घुसी, बेहोश चालक को राइनो स्टाफ ने पहुंचाया अस्पताल

रायगढ़। 27 दिसम्बर को 16.02 बजे बरमकेला राइनो को ग्राम रोहिनापाली के पास एक्सीडेंट का इवेंट मिला। इवेंट पर डॉयल 112 बरमकेला राइनो स्टाफ आरक्षक विरेन्द्र ठाकुर मौके पर पहुंचा। बाईक चालक अनियंत्रित रूप से वाहन चलाते हुये मोड के पास सड़क किनारे खेत में बेहोश पड़ा हुआ था, जिसकी बाईक भी खेत में पड़ी थी। घायल मोटर सायकल के चालक को आरक्षक विरेन्द्र ठाकुर द्वारा बरमकेला अस्पताल पहुंचाया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

ADMISSION OPEN

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%

Topper Students Last Session

Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Aayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं.
9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480